# Daily Current Affairs

Date : 17 December, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | देश की कुल सौर ऊर्जा क्षमता में राजस्थान की हिस्सेदारी |
| 2. | राजस्थान में हाल ही में खोजे गए पुरातात्विक स्थल |
| 3. | राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत् मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यशाला |
| 4. | माणक अलंकरण और अन्य पुरस्कार – 2025 |
| 5. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. मनस्वी अग्रवाल<br>2. गीताली गुप्ता<br>3. डॉ. विनय भाणावत : नेल्सन मंडेला ग्लोबल ब्रिलियंस अवार्ड – 2025<br>4. गोविन्द गुरु सेतु : डूंगरपुर<br>5. मेडल विनर ग्रांट पोर्टल<br>6. राज्य मानवाधिकार आयोग का शीतकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम<br>7. हाईटेक साइबर फ्यूजन सेंटर<br>8. ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती का 814वाँ उर्स<br>9. भारत रिन्यूएबल एक्सपो – 2026<br>10. इंडियन प्रीमियर लीग में राजस्थान के खिलाड़ी |
| 6. | एकम एआई और संभव (Ekam AI and SAMBHAV) |
| 7. | चो ला और डोक ला दर्रे |
| 8. | संयुक्त राष्ट्र सभ्यता गठबंधन (UNAOC) |
| 9. | पेट्रा और एलोरा गुफाएँ |
| 10. | ध्रुव64 |
| 11. | मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति |
| 12. | वैश्विक मूल्य श्रृंखला (GVC) विकास रिपोर्ट, 2025 |
| 13. | एक्सरसाइज एकता 2025 |
| 14. | राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## देश की कुल सौर ऊर्जा क्षमता में राजस्थान की हिस्सेदारी

### चर्चा में क्यों?

- दिसंबर, 2025 तक देश की कुल सौर ऊर्जा क्षमता में राजस्थान की हिस्सेदारी 27.2 प्रतिशत और अक्षय ऊर्जा में कुल हिस्सेदारी 16.43 प्रतिशत है। (स्रोत - DIPR)



### मुख्य बिन्दु:

- राज्य की वर्तमान स्थापित अक्षय ऊर्जा क्षमता 41,189 मेगावाट (MW) तथा सौर ऊर्जा क्षमता 35,337 मेगावाट (MW) है।
- राष्ट्रीय FLS रैंकिंग में पीएम-कुसुम योजना (कंपोनेन्ट - A) में राजस्थान का देश भर में प्रथम स्थान है। वहीं, पीएम-कुसुम योजना (कंपोनेन्ट - B & C) में तृतीय स्थान है।
- कम्पोनेंट – B में 51,927 (कुल 1.15 लाख) ऑफ ग्रिड सोलर पम्प किए स्थापित किए जा चुके हैं। (दिसंबर, 2025 तक)।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- राज्य में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत् 1,09,209 रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं।
- विगत 2 वर्षों में राजस्थान की अक्षय ऊर्जा क्षमता में 17,820 मेगावाट (MW) की वृद्धि हुई है, जिसमें सौर ऊर्जा का योगदान 17,326 मेगावाट है।
- **अक्षय ऊर्जा हेतु राजस्थान को सम्मान :** नवम्बर, 2025 में चेन्नई में सम्पन्न विंडर्जी इंडिया-2025 में एक्सीलेंस इन विंड एवं हाईब्रिड पॉलिसी पुरस्कार।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

**राजस्थान की एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति, 2024 :**

- **मुख्य उद्देश्य :** वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने में योगदान देना।
- इस नीति के तहत् वर्ष 2029-30 तक 115 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन और 10 गीगावाट ऊर्जा भंडारण क्षमता स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, बायोमास और ग्रीन हाइड्रोजन को बढ़ावा दिया जाएगा।
- नवीकरणीय ऊर्जा/सौर पार्कों के बुनियादी ढाँचे के प्रबंधन एवं विकास के लिए राजस्थान सौर पार्क विकास कंपनी लिमिटेड (RRECL) की स्थापना की गई है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान में हाल ही में खोजे गए पुरातात्विक स्थल

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, पुरातत्वविदों द्वारा जैसलमेर के साधेवाला में किए गए अन्वेषण के दौरान लाल रंग के हस्तनिर्मित हड़प्पाकालीन मृद्भाण्ड प्राप्त हुए।



## मुख्य बिन्दु:

- प्राप्त वस्तुओं में मिट्टी के घड़े, कटोरे, चूड़ियाँ एवं छिद्रित पात्र शामिल है, जिनके सिंधु घाटी सभ्यता से संबंधित होने की संभावना है।
- इसी स्थान से चरट पत्थर से बने चाकू तथा प्राचीन ईंटों से निर्मित दीवारों के अवशेष भी प्राप्त हुए हैं जो एक सुव्यवस्थित नगरीय बसावट को दर्शाते हैं।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

- **रातड़िया री डेरी (जैसलमेर) :** राजस्थान विश्वविद्यालय की एक शोध टीम को रामगढ़ तहसील के 'रातड़िया री डेरी' नामक स्थान पर हड़प्पा सभ्यता से संबंधित लगभग 4500 वर्ष प्राचीन बस्ती के अवशेष मिले।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR


- **प्राप्त वस्तुएँ :** लेपयुक्त मृद्भाण्ड, कटोरे, घड़े, मिट्टी और शंख से बनी चूड़ियां, त्रिकोणकार, गोलाकार और इडलीनुमा टैराकोटा केक।
- **मेघा गांव (जैसलमेर) :** जुरासिक काल से भी पहले के जीवाश्म प्राप्त हुए। ये जीवाश्म जिस प्रजाति के है, वो वर्तमान से 20 करोड़ वर्ष पूर्व विलुप्त हो चुकी है।
- इस जीवाश्म की खोज जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के प्रोफेसर वी.एस. परिहार की टीम ने की। खोजा गया यह जीवाश्म 20 करोड़ वर्ष पुराना फाइटोसॉरस (Phytosaurs) है, जो आकार और बनावट में मगरमच्छ जैसा दिखता था।
- **बहज गाँव (डीग) :** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) को खुदाई में लगभग 4500 साल पुरानी सभ्यता के अवशेष प्राप्त हुए।
- **प्राप्त वस्तुएं :** महाभारत काल और मौर्य काल के अवशेष, हवन कुंड, अश्विनी कुमार की मूर्ति, रजत और ताम्र सिक्के, ब्राह्मी लिपि की मुहरें, शंख की चूड़ियां, हड्डियों के औजार, मिट्टी के बर्तन, शिव-पार्वती की टेराकोटा मूर्तियां, परतदार दीवारें, भट्टियां और एक प्राचीन नदी तंत्र।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत् मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यशाला

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, राजस्थान पशुपालन विभाग द्वारा राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत् राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।




## मुख्य बिन्दु:

- **आयोजन स्थल :** राजस्थान राज्य पशुधन प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान, जयपुर।
- राष्ट्रीय पशुधन मिशन (NLM) केन्द्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय द्वारा संचालित एक प्रमुख योजना है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **शुरुआत :** वित्त वर्ष 2014-15 में हुई थी, लेकिन वर्ष 2021-22 से इसे नए रूप में लागू किया गया।
- **मुख्य लक्ष्य :** पशुधन क्षेत्र में उद्यमिता विकास के माध्यम से रोजगार सृजन, प्रति पशु उत्पादकता में वृद्धि और मांस, अंडा, ऊन तथा चारे के उत्पादन को बढ़ावा देना।
- **क्षेत्र :** यह मिशन मुख्य रूप से जुगाली करने वाले पशुओं; जैसे - भेड़, बकरी, मुर्गी पालन, सूअर पालन और चारा विकास पर केंद्रित है।
- **उप-मिशन :** संशोधित NLM के तहत् तीन मुख्य उप-मिशन:
- **पशुधन और कुक्कुट की नस्ल विकास :** इसमें मुर्गी, भेड़, बकरी और सूअर की नस्ल सुधार और उद्यमिता पर जोर दिया जाता है।
- **चारा और आहार विकास :** पशु चारा संसाधनों की कमी को दूर करने के लिए चारा ब्लॉक और साइलेज इकाइयों की स्थापना को प्रोत्साहित करना।
- **नवाचार और विस्तार :** अनुसंधान, पशुधन बीमा और किसानों के लिए नई तकनीकों के प्रसार के लिए सहायता प्रदान करना।

**सब्सिडी (अनुदान) :**

- सरकार पात्र संस्थाओं को परियोजना की पूँजीगत लागत पर 50 प्रतिशत तक की बैंक-एंडेड सब्सिडी प्रदान करती है।
- **पोल्ट्री फार्म :** अधिकतम 25 लाख रुपये तक का अनुदान।
- **भेड़ और बकरी प्रजनन :** अधिकतम 50 लाख रुपये तक का अनुदान।
- **चारा इकाइयाँ :** अधिकतम 50 लाख रुपये तक की सब्सिडी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# माणक अलंकरण और अन्य पुरस्कार – 2025

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, जोधपुर में चयन समिति द्वारा 'माणक अलंकरण और विशिष्ट पुरस्कारों' की घोषणा की गई।

## मुख्य बिन्दु:

- वर्ष 2025 के 'माणक अलंकरण' के लिए राजस्थान पत्रिका बीकानेर के संवाददाता बृजमोहन आचार्य का चयन किया गया है।

### वर्ष-2025 के लिए अन्य पुरस्कार:

| क्रम | व्यक्तित्व | श्रेणी |
|---|---|---|
| 1. | चंद्रशेखर हाड़ा | कार्टूनिस्ट |
| 2. | आलोक आनंद | जनसम्पर्क |
| 3. | अंकित तिवारी | इलेक्ट्रॉनिक मीडिया |
| 4. | डॉ. सुमन बिस्सा | राजस्थानी महिला साहित्य |
| 5. | सचिन शर्मा | जलते दीप समूह |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **मनस्वी अग्रवाल**<br><br>■ हाल ही में, उदयपुर निवासी मनस्वी अग्रवाल ने अंटार्कटिका महाद्वीप की सबसे ऊँची पर्वत चोटी माउंट विन्सन मैसिफ (4892 मीटर) को फतह किया।<br>■ माउंट विन्सन मैसिफ पर चढ़ाई करने वाली मनस्वी अग्रवाल राजस्थान की पहली पर्वतारोही है।<br>■ **अवस्थिति :** यह चोटी अंटार्कटिका के एल्सवर्थ पर्वतमाला के सेंटिनल रेंज में स्थित है। |
| 2. | **गीताली गुप्ता**<br><br>■ श्री गंगानगर की गीताली गुप्ता ने हाल ही में कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (CLAT) में सामान्य वर्ग में ऑल इंडिया फर्स्ट रैंक हासिल की।<br>■ गीताली ने 119 में से 112.75 अंक हासिल किए। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 3. | **डॉ. विनय भाणावत : नेल्सन मंडेला ग्लोबल ब्रिलियंस अवार्ड – 2025**<br><br>■ हाल ही में, उदयपुर निवासी डॉ. विनय भाणावत को NAHF ऑर्गेनाइजेशन इंडिया द्वारा 'नेल्सन मंडेला ग्लोबल ब्रिलियंस अवार्ड – 2025' से सम्मानित किया गया।<br>■ डॉ. विनय भाणावत, जिन्हें 'करेंसीमैन' के नाम से भी जाना जाता है, को यह सम्मान लेखक-गीतकार मनोज मुंतशिर ने प्रदान किया। |
| 4. | **गोविन्द गुरु सेतु : डूँगरपुर**<br><br>■ डूँगरपुर जिले के संगमेश्वर क्षेत्र में माही और अनास नदियों के संगम स्थल पर राजस्थान का पहला एक्स्ट्रा डोज केबल ब्रिज का निर्माण किया गया है।<br>■ **नाम :** गोविन्द गुरु सेतु।<br>■ **लोकार्पण :** प्रधानमंत्री द्वारा 25 सितम्बर, 2025 को।<br>■ **लागत और विशेषता :** ₹135 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित यह 906 मीटर लंबा पुल दो लेन कैरिज वे, फुटपाथ और कैश बैरियर सहित 12 मीटर की कुल चौड़ाई के साथ बनाया गया है। |


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 5. | **मेडल विनर ग्रांट पोर्टल**<br>■ राजस्थान राज्य स्पोर्ट्स काउंसिल द्वारा खिलाड़ियों को अनुदान के संबंध में जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से 'मेडल विनर ग्रांट पोर्टल' की शुरुआत की गई है। |
| 6. | **राज्य मानवाधिकार आयोग का शीतकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम**<br><br>■ राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग द्वारा 1 से 19 दिसंबर, 2025 तक शीतकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम आयोजित किया गया।<br>■ इस प्रोग्राम में राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों के 15 विश्वविद्यालय व महाविद्यालयों के कुल 48 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। |
| 7. | **हाईटेक साइबर फ्यूजन सेंटर**<br>■ हाल ही में, केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा पूरे देश में 20 'हाईटेक साइबर फ्यूजन सेंटर' स्थापित किए जाने का निर्णय लिया गया।<br>■ इस प्रोजेक्ट के लिए राजस्थान के 5 स्थानों का चयन किया गया है, जो साइबर अपराध के मुख्य हॉटस्पॉट्स के रूप में जाने जाते हैं।<br>■ **पाँच स्थान :** भिवाड़ी, अलवर, खैरथल-तिजारा, डीग और सवाई माधोपुर।<br>■ ज्ञातव्य है कि इन स्थानों से हाल ही के वर्षों में ऑनलाइन निवेश फ्रॉड, फर्जी कॉल सेंटर, बैंकिंग ठगी, मनी-म्यूल अकाउंट और सोशल मीडिया ब्लैकमेलिंग के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी दर्ज हुई है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 8. | **ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती का 814वाँ उर्स**<br><br>■ 17 दिसंबर, 2025 को ध्वजारोहण के साथ ही ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के 814वें उर्स की शुरुआत हुई।<br>■ अजमेर में स्थित ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर भीलवाड़ा का गौरी परिवार उर्स का झंडा फहराता है। |
| 9. | **भारत रिन्यूएबल एक्सपो – 2026**<br><br><br>■ **आयोजन :** जयपुर में 16 से 18 जनवरी, 2026 तक।<br>■ भारत रिन्यूएबल एक्सपो 2026 भारत का सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म है जो क्लीन और सस्टेनेबल एनर्जी सॉल्यूशंस को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित है।<br>■ **आयोजक :** केन्द्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय। |
| 10. | **इंडियन प्रीमियर लीग में राजस्थान के खिलाड़ी**<br>■ **कार्तिक शर्मा (भरतपुर) :** चेन्नई सुपर किंग्स ने ₹14.20 करोड़ में खरीदा।<br>■ **रवि बिश्नोई (जोधपुर) :** राजस्थान रॉयल्स ने ₹7.20 करोड़ में खरीदा।<br>■ **मुकुल चौधरी (झुंझुनू) :** लखनऊ सुपरजाइंट्स ने ₹2.60 करोड़ में खरीदा।<br>■ **अशोक शर्मा (जयपुर) :** गुजरात टाइटंस ने ₹90 लाख में खरीदा। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## एकम एआई और संभव (Ekam AI and SAMBHAV)

### चर्चा में क्यों?

- भारतीय थल सेना ने विजय दिवस के हिस्से के रूप में एकम एआई और संभव का प्रदर्शन किया।

### मुख्य बिन्दु:

**एकम एआई:**

- यह एक पूरी तरह से स्वदेशी और सुरक्षित कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्लेटफॉर्म है। इसे संवेदनशील परिचालन परिवेश के लिए डिज़ाइन किया गया है।
- यह मंच उपयोगकर्ताओं को विदेशी सॉफ्टवेयर या बाहरी क्लाउड प्रणालियों पर निर्भर हुए बिना सूचना के विश्लेषण, दस्तावेज प्रबंधन और निर्णय-निर्माण में प्रभावी सहायता प्रदान करता है।

**संभव:**

- यह एक पोर्टेबल संचार प्रणाली है। यह उपग्रह का उपयोग करके मोबाइल कनेक्टिविटी प्रदान करता है।
- इस प्रणाली को दूरदराज या आपदा प्रभावित क्षेत्रों में शीघ्रता से तैनात किया जा सकता है। इससे सैनिकों और नागरिकों दोनों के लिए संचार में सुधार होगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# चो ला और डोक ला दर्रे

## चर्चा में क्यों?

- सिक्किम के चो ला और डोक ला दर्रों को भारत रणभूमि दर्शन पहल के तहत् रणभूमि पर्यटन के लिए खोला गया है।



## मुख्य बिन्दु:

- भारत रणभूमि दर्शन नागरिकों को ऐतिहासिक युद्ध क्षेत्रों और सैन्य महत्त्व के स्थलों पर जाने के लिए भारतीय थल सेना और पर्यटन मंत्रालय की एक संयुक्त पहल है।

### चो ला दर्रा:

- **अवस्थिति:** यह पूर्वी हिमालय की चोला रेंज में स्थित है। यह समुद्र तल से 17,782 फीट ऊपर है।
- नाथू ला और जेलेप ला दर्रे भी चोला रेंज में स्थित हैं।
- यह दर्रा सिक्किम और चुम्बी घाटी को जोड़ता है।
- यहाँ 1967 ई. में भारत-चीन के बीच हिंसक संघर्ष हुआ था।

### डोक ला (डोकलाम) दर्रा:

- **अवस्थिति:** यह पूर्वी सिक्किम में डोकलाम पठार के किनारे पर भारत, भूटान और चीन के त्रि-संगम के निकट स्थित है।
- यह 2017 में भारत और चीन के बीच सीमा गतिरोध का स्थल था।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## संयुक्त राष्ट्र सभ्यता गठबंधन (UNAOC)

### चर्चा में क्यों?

- संयुक्त राष्ट्र सभ्यता गठबंधन ने मतभेदों को पाटने, ध्रुवीकरण को कम करने और अंतरसांस्कृतिक संवाद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किए गए प्रयासों के दो दशक पूरे कर लिए हैं।

### मुख्य बिन्दु:

**UNAOC:**

- **सचिवालय:** न्यूयॉर्क
- **लॉन्च :** 2005 ई.
- इसकी शुरुआत तुर्की गणराज्य और स्पेन द्वारा संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में की गई थी।

**भारत के लिए प्रासंगिकता**

- यह भारत के बहुलवाद और "वसुधैव कुटुंबकम" के सभ्यतागत लोकाचार के अनुरूप है।
- यह अंतरधार्मिक सद्भाव, दक्षिण-दक्षिण सहयोग और बहुपक्षीय शांति पहलों में भारत की भागीदारी का समर्थन करता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## International

### चर्चा में क्यों?

- भारत व जॉर्डन ने क्रमश: एलोरा और पेट्रा गुफाओं के बीच एक ट्विनिंग समझौते पर हस्ताक्षर किए। ये गुफाएँ यूनेस्को विश्व विरासत स्थल हैं तथा अपनी शैलकृत स्थापत्यकला के लिए प्रसिद्ध हैं।



### मुख्य बिन्दु:

**एलोरा गुफा:**

- **स्थान:** एलागंगा नदी के निकट चरणांद्री पहाड़ियाँ (महाराष्ट्र)।
- **उत्पत्ति:** मुख्य रूप से राष्ट्रकूट और यादव राजवंश द्वारा 600-1000 ईस्वी के बीच उत्कीर्ण की गई थीं।
- **स्थापत्यकला:** ये गुफाएँ बेसाल्ट चट्टानों को ऊपर से नीचे तक काटकर बनाई गई हैं।
- **धर्म:** हिंदू, बौद्ध और जैन स्मारक उत्कीर्ण हैं, जो धार्मिक सहिष्णुता को दर्शाते हैं।
- इनमें इन तीनों धर्मों से संबंधित भित्ति चित्र भी हैं।

**पेट्रा गुफा:**

- पेट्रा को रोज़ सिटी के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि यह गुलाबी बलुआ पत्थर की चट्टानों के लिए प्रसिद्ध है। यह लगभग चौथी शताब्दी ईसा पूर्व से स्थापित हुए नबातायन या नबाती साम्राज्य की राजधानी थी।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान प्रौद्योगिकी

## ध्रुव64

### चर्चा में क्यों?

- भारत ने ध्रुव64/DHRUV64 माइक्रोप्रोसेसर लॉन्च किया।




### मुख्य बिन्दु:

**DHRUV64:**

- यह भारत का पूरी तरह से स्वदेशी पहला 1.0 गीगाहर्ट्ज (GHz), 64-बिट डुअल-कोर माइक्रोप्रोसेसर है।
- माइक्रोप्रोसेसर आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों जैसे मोबाइल, कंप्यूटर आदि के मस्तिष्क होते हैं।
- **विकास:** माइक्रोप्रोसेसर विकास कार्यक्रम (MDP) के तहत् सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (C-DAC)।
- **भारत के अन्य माइक्रोप्रोसेसर:** शक्ति (2018, IIT मद्रास), अजीत (2018, IIT बॉम्बे), विक्रम (2025, ISRO–SCL)।
- अगली पीढ़ी के धनुष और धनुष + प्रोसेसर विकास के अधीन हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजव्यवस्था

## मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति

**चर्चा में क्यों?**

- भारत के राष्ट्रपति ने राज कुमार गोयल को मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में पद की शपथ दिलाई।



**मुख्य बिन्दु:**

**केंद्रीय सूचना आयोग:**

- **उत्पत्ति:** सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत् एक सांविधिक निकाय।
- **संरचना:** एक मुख्य सूचना आयुक्त (CIC) द्वारा नेतृत्व किया जाता है। इसमें अधिकतम 10 सूचना आयुक्त (ICs) हो सकते हैं।
- **कार्य:** सूचना का अधिकार अधिनियम आदि के संबंध में किसी भी नागरिक से शिकायतों को प्राप्त करना और उनकी जांच करना।
- **नियुक्ति:** CIC और ICs की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा एक समिति की सिफारिश पर की जाती है। इस समिति में निम्नलिखित शामिल होते हैं: प्रधान मंत्री (अध्यक्ष), लोक सभा में विपक्ष का नेता तथा प्रधान मंत्री द्वारा नामित एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री।
- **सूचना का अधिकार (संशोधन) अधिनियम, 2019:** CIC और ICs की पदावधि, वेतन, भत्ते एवं सेवा की अन्य शर्तें केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित की जाएंगी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण सूचकांक एवं रिपोर्ट

## वैश्विक मूल्य श्रृंखला (GVC) विकास रिपोर्ट, 2025

### चर्चा में क्यों?

- यह रिपोर्ट "रीवायरिंग GVCs इन अ चेंजिंग ग्लोबल इकोनॉमी" शीर्षक से जारी की गई तथा एशियाई विकास बैंक, विश्व व्यापार संगठन, विश्व आर्थिक मंच आदि के संयुक्त प्रयास से तैयार की गई है।




### मुख्य बिन्दु:

- **वैश्विक मूल्य श्रृंखला:** किसी तैयार उपभोक्ता वस्तु के उत्पादन की वह श्रृंखला, जिसके प्रत्येक चरण में कुछ मूल्य (वैल्यू) संवर्धन होता है। ये कार्य कम से कम दो चरणों और अलग-अलग देशों में संपन्न होते हैं।
- **भारत की स्थिति:** भारत, विश्व की शीर्ष 10 मूल्य-संवर्धन वाली अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है।
- वैश्विक निर्यात में घरेलू मूल्य संवर्धन के मामले में भारत की हिस्सेदारी वर्ष 2024 में 2.8% थी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# सैन्य अभ्यास

## एक्सरसाइज 'एकता 2025'

**चर्चा में क्यों?**

- भारतीय नौसेना के उप प्रमुख, मालदीव की आधिकारिक यात्रा पर हैं।

**मुख्य बिन्दु:**

- **उद्देश्य:** भारत और मालदीव के बीच आयोजित संयुक्त द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास 'एकता 2025' के समापन समारोह में भाग लेना।
- **शुरुआत:** वर्ष 2017
- यह भारतीय नौसेना और मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल के बीच आयोजित होने वाला वार्षिक द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास है।
- इस अभ्यास के 8वें संस्करण में अंतर्संचालनीयता और परिचालनात्मक समन्वय को बढ़ाने के उद्देश्य से व्यापक पेशेवर अंतर्क्रियाएँ देखी गई।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 🏆 पुरस्कार 🏆

## राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार

### चर्चा में क्यों?

- कर्नाटक रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट लिमिटेड ने राज्य ऊर्जा दक्षता प्रदर्शन पुरस्कार (एसडीए ग्रुप-1) श्रेणी के तहत् राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार 2025 जीता है ।



### मुख्य बिन्दु:

- एसडीए ग्रुप-1 श्रेणी के तहत, उन राज्यों को पुरस्कार दिए जाते हैं, जिनकी ऊर्जा खपत अधिक है और जिनके ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र उन्नत हैं।

**राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार (NECA)**

- **संस्थापक:** ऊर्जा दक्षता ब्यूरो
- **मंत्रालय:** विद्युत मंत्रालय
- **उद्देश्य:** ऊर्जा दक्षता और संरक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन को मान्यता देना तथा राज्यों, उद्योगों और संस्थानों को ऊर्जा की तीव्रता कम करने के लिए प्रोत्साहित करना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR